TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

01 सितंबर 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

असफलता की उत्पत्ति तभी होती है जब

आप प्रयास करना बंद कर देते हैं।

एल्बर्ट हबर्ड



राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 01 सितम्बर

1. **भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना–** 'जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी' टैगलाइन के साथ देश के लाखों लोगों को बीमा सेवा देने वाली भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना 1 सितम्बर, 1956 ई. को हुई थी। यह पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में हैं। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।

2. **गुटनिरपेक्ष दिवस–** 'गुट निरपेक्षता' शब्द को सर्वप्रथम लिस्का द्वारा वैज्ञानिक अर्थ प्रदान किया गया। जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में "गुटनिरपेक्षता का अर्थ है अपने आप को सैनिक गुटों से दूर रखना तथा जहाँ तक संभव हो तथ्यों को सैनिक दृष्टि से न देखना। यदि आवश्यकता पड़े तो स्वतंत्र दृष्टिकोण रखना तथा दूसरे देशों से मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखना गुटनिरपेक्षता के लिए आवश्यक है।" भारत की राष्ट्रीय नीति गुटनिरपेक्षता है।

3. **भारतीय मानक समय को अपनाया गया–** भारत जैसे विशाल देश में एक साथ सभी जगह पर सूर्योदय अथवा सूर्यास्त संभव नहीं। अतः समय की एकरूपता के लिए भारतीय मानक समय को अपनाया गया। यह ग्रीनवीच मानक समय यूटीसी से +5:30 घंटा आगे है। भारत का मानक समय, भारत के मध्य से 82.5° पूर्वी देशान्तर, जो इलाहाबाद के निकट नैनी से गुजरती है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को देशान्तर रेखा पर समय निर्धारण की विधि के बारे में बतायें।

4. **फादर कामिल बुल्के का जन्म–** हिन्दी साहित्यकार तथा लेखक फादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 ई. को बेल्जियम में हुआ था। अपनी शिक्षा पुरी करने के बाद वर्ष 1935 में वे भारत आए। कुछ समय तक भारत भ्रमण करने और दार्जिलिंग में रहने के बाद वे झारखंड के गुमला जिले के 'इग्नासियस विद्यालय' में गणित का अध्यापन करने लगे। यहीं पर उन्होंने भारतीय भाषाएं सीखनी प्रारंभ की। उन्होंने 'रामकथा: उत्पत्ति और विकास', 'अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश', 'मुक्तिदाता', 'बाइबिल' (हिन्दी अनुवाद), 'हिन्दी–अंग्रेजी लघुकोश', 'नया विधान' आदि की रचना किया। वर्ष 1951 में भारत सरकार ने उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान कर दिया। वे हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित करने वाली समिति के सदस्य बने। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म भूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया।

- **क्या आप जानते हैं?**
  वर्ष 1898 में 1 सितम्बर को अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने विशिष्ट प्रकार के किरणों की पहचान के लिए 'अल्फा' एवं 'बीटा' टर्म का प्रतिपादन किया।

S u n d a y

# दिवस विशेष

1 सितंबर

मधु प्रिया

## भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना 1 सितंबर

1 सितंबर 1956 में लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया की स्थापना हुई, जिसका उद्देश था, जीवन बीमा को बड़े पैमाने पर फैलाना, खास तौर पर गाँव में, ताकि भारत के हर नागरिक को पर्याप्त आर्थिक सहायता उचित दरों पर उपलब्ध करवाई जा सके। एलआईसी ऑफ इंडिया का मतलब है, जीवन बीमा निगम इनमें से सबसे बड़ा है। बीमा कंपनी भारत में और एक राज्य के स्वामित्व वाला बीमा समूह है। कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है। जीवन बीमा निगम नाम भारत में बीमा का पर्याय बन गया है। कंपनी की स्थापना 1956 में हुई थी जब भारतीय संसद ने भारतीय जीवन बीमा अधिनियम पारित किया था। कंपनी भारत में तत्कालीन कार्यात्मक 245 निजी बीमा कंपनियों के एकीकरण का परिणाम थी। एलआईसी योजनाएं बहुत विविध हैंश्रेणी अपने पॉलिसीधारकों की जरूरतों को पूरा करना। कंपनी की अनुमानित संपत्ति मूल्य 15 लाख करोड़ से अधिक है और 2000 से अधिक शाखाओं और 13 लाख से अधिक सक्रिय एलआईसी एजेंटों के एक अद्वितीय नेटवर्क के साथ है। श्री डी. के. मेहरोत्रा ने भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष का वर्तमान कार्यभार संभाला |भारत में जीवन बीमा की शुरुआत 100 वर्ष पहले हुई थी। हमारे देश में, जो दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक है, बीमा की प्रमुखता को उतना व्यापक रूप से नहीं समझा जाता है, जितना समझा जाना चाहिए।

# जयंती विशेष 01 सितंबर

राकेश कुमार

जयंती विशेष



असल चीज़ पेड़ का ऊँचा कद नहीं असल चीज़ है पेड़ की गहरी जड़।

राही मासूम रज़ा

**राही मासूम रज़ा** *Rahi Masoom Raza*, जन्म: 1 सितंबर, 1927, ग़ाज़ीपुर; निधन: 15 मार्च, 1992, मुंबई) बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार थे। बी. आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित प्रसिद्ध टीवी सीरियल **महाभारत** की पटकथा भी उन्होंने लिखी थी और 1979 में 'मैं तुलसी तेरे आँगन की' फ़िल्म के लिए **फ़िल्म फ़ेयर सर्वश्रेष्ठ संवाद पुरस्कार** भी जीता।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 01.09.2024

## उल्लाला छन्द

उल्लाला छन्द हिन्दी छन्दशास्त्र का एक पुरातन छन्द है। इसकी स्वतंत्र रूप से कम ही रचना की गई है। वीरगाथा काल में उल्लाला तथा रोले को मिलाकर छप्पय की रचना किये जाने से इसकी प्राचीनता प्रमाणित है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत में टेलीविजन** की शुरुआत दिल्ली में **15 सितंबर 1959** को हुई थी 1972 तक 20 टेलीविजन की सेवाएं **अमृतसर और मुंबई** के लिए बढ़ाई गई। 1975 तक भारत **केवल 7 शहरो** में थी।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## राष्ट्रमंडल खेल

## राष्ट्रमंडल खेलों से संबंधित प्रश्न उत्तर

**1. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत कब हुई? - 1930 ( हैमिल्टन ,कनाडा)**

**2. राष्ट्रमंडल खेलों का मुख्यालय कहां स्थित है? - लंदन**

**3. राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कितने साल के बाद होता है? - 4 साल**

**4. राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय कौन थे? - राशिद अनवर ( कुश्ती में कांस्य पदक जीता)**


**5. राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को पहला स्वर्ण पदक किसने दिलाया? - मिल्खा सिंह**

**6. राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज कौन बनी? - मैरी कॉम**

राष्ट्रमंडल खेलों के संस्थापक कौन हैं?

वर्ष 1928 में कनाडा के एक प्रमुख एथलीट बॉबी रॉबिन्सन को प्रथम राष्ट्र मंडल खेलों के आयोजन का भार सौंपा गया। ये खेल 1930 में हेमिल्टन शहर, ओंटेरियो, कनाडा में आयोजित किए गए और इसमें 11 देशों के 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।


LIC
भारतीय जीवन बीमा
निगम स्थापना दिवस
1 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
समस्त बीमाकर्ताओं एवं बीमा कर्मियों को
भारतीय जीवन बीमा निगम
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



पद्म भूषण से सम्मानित

# फादर कामिल बुल्के

की जयंती पर सादर नमन।

1 सितंबर 1909-17 अगस्त 1982

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

1 सितंबर

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# भारतीय जीवन बीमा निगम

## स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari